संयुक्त रूप से या एकजुट होकर कार्य करने के लिए इंटीग्रेशन की आवश्यकता स्वाभाविक रूप से पड़ती ही पड़ती है और ज्वाइंटनेस को प्रमोट करने के लिए जो भावना होनी चाहिए, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि वह भावना इस बिल में निहित है। यह इंटर-सर्विसेज़ ऑर्गेनाइजेशंस के प्रमुखों को बेहतर डिसिप्लिनरी और एडमिनिस्ट्रेटिव पावर्स, जो मिलनी चाहिए, वह यह प्रदान करता है, जिससे वे अपने ऑर्गेनाइजेशंस में प्रभावी कमांड, कंट्रोल व डिसिप्लिन बना सकेंगे और हमारे सुरक्षा ढांचे को और भी अधिक मजबूत कर सकेंगे।...(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं इस सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सैन्य सुधारों की दिशा में यह बिल एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और इस बिल से कोई अतिरिक्त वित्तीय प्रभाव पड़ने वाला नहीं है, इस सदन को मैं यह भी सूचित करना चाहता हूं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं आपकी अनुमति से इस अंतर-सेना संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक, 2023 पर विचार करने का प्रस्ताव करता हूं।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ :

> "कि सेना कार्मिक, जिनको वायु सेना अधिनियम, 1950, सेना अधिनियम, 1950 और नौसेना अधिनियम, 1957 लागू होता है, जो अनुशासन बनाए रखने और अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए अपनी कमान के अधीन सेवा कर रहे हैं या उससे

संलग्न हैं, के संबंध में अंतर-सेना संगठनों के चीफ कमांडर या कमांड आफिसर को सशक्त करने के लिए और उससे संलग्न या आनुषंगिक विषयों का उपबंध वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : यह बहुत महत्वपूर्ण बिल है। देश की सुरक्षा और सुरक्षा बलों से संबंधित बिल है। आपको इस बिल में भाग लेना चाहिए। आपको चर्चा में भाग लेना चाहिए। आप इतने तटस्थ नहीं रह सकते हैं।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्लीज आप सब बैठिए। आप बात को सुनिए और अपनी बात कहिए। आप बिल के विचार-विमर्श में भाग लीजिए, जैसा आपने कल किया था।

... (व्यवधान)

कर्नल (सेवानिवृत) राज्यवर्धन राठौर (जयपुर ग्रामीण) : सभापति महोदय, मैं इस बिल के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। वैसे यह बहुत ही सरल बिल है और इसकी जरूरत है। मैं सरलता में आपको बताऊं, जैसे इस सदन को चलाने की जिम्मेदारी आपकी है, लेकिन आप में अनुशासन की ताकत न हो और इन पार्टियों के मुख्यालय में हो तो आप समझ सकते हैं कि कितनी मुश्किल होगी। ... (व्यवधान) उसी तरह से इंटर सर्विसेज़ ऑर्गेनाइजेशन की आज जरूरत पड़ गई। 21 वीं सदी के युद्ध की स्थिति को देखते हुए कि अलग-अलग फोर्सेज़ एक साथ मिलकर काम करें, इसी कारण यह इंटर-सर्विसेज़ बिल लाया गया है। ... (व्यवधान)

महोदय, अभी परिस्थिति यह है कि जैसे, अण्डमान और निकोबार कमांड को बनाया गया और उसका जॉइंट कमांड नाम दिया गया, लेकिन जब वहां आकर एयरफोर्स, नेवी और आर्मी के सैनिक काम करते हैं और उनके लिए अनुशासन या एडमिनिस्ट्रेटिव व्यवस्था करनी होती है तो उसके लिए वापस उनको उन्हीं की सर्विस में भेजना पड़ता है।... (व्यवधान) उससे फाइनेंशियल इम्प्लिकेशंस भी होते हैं, समय भी जाया होता है और अनुशासनहीनता रहती है। तेज गति से काम

करना, हाई प्रेशर एन्वायरनमेंट में काम करना, एक सटीक तरीके से ऑपरेशंस करना, यह भारतीय सेना की जिम्मेदारी रहती है। इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए आज के हालात में यह बहुत जरूरी है कि यह एडमिनिस्ट्रेटिव पावर्स उस कमांडिंग ऑफिसर या कमांडर इन चीफ के पास हों, जिससे तीनों सर्विसेज़ या कोई अन्य फोर्स के जो अधिकारी हैं, उनको अनुशासन के अंदर लाया जा सके और उनकी एडमिनिस्ट्रेटिव व्यवस्था कर सके। ... (व्यवधान)

महोदय, एक भारतीय सैनिक और एक नागरिक होने के नाते इस बात की बधाई देता हूं कि मोदी सरकार ने हमेशा भारतीय सेना की जरूरतों को अहमियत दी है, भारत की सुरक्षा को अहमियत दी है, चाहे वह बॉर्डर इन्फ्रास्ट्रक्चर हो, जो तेज गति से बढ़ रहा है और तैयार हो रहा है, चाहे दशकों से जो 'वन रैंक, वन पेंशन' की डिमाण्ड चल रही थी, वह हो। ... (व्यवधान) जो अभी नारे लगा रहे हैं, उन्होंने उसके लिए केवल 500 करोड़ रुपये रख दिए थे, लेकिन आज 65 हजार करोड़ रुपये उसके लिए खर्च हुए हैं तो यह भारत की सुरक्षा को लेकर और भारतीय सेना की तरफ एक संवेदनशीलता है। ... (व्यवधान) आज स्पेस एजेंसीज़ हैं, नेशनल डिफेंस एकेडमी है, नेशनल डिफेंस कॉलेज है, अण्डमान और निकोबार कमांड है, वैसे ही और भी कमांड्स आ सकती हैं, जिनके अंदर इंटर-सर्विसेज़ जॉइंटमेनशिप की जरूरत होगी। ... (व्यवधान)

महोदय, इस बिल के अंदर जो आर्मी एक्ट, नेवी एक्ट और एयरफोर्स एक्ट के तीन एक्ट्स हैं, उनके अंदर कोई बदलाव नहीं किया गया है। लेकिन उनको ध्यान में रखते हुए तीनों के अंदर जिस तरह से उनके ऊपर अनुशासन की कार्रवाई हो सकती है, वह अब एक कमांडिंग ऑफिसर या कमांडर इन चीफ इस पर एक्शन ले सकता है। ... (व्यवधान) मैं किसी एक उदाहरण के तौर पर आपको बताऊं कि अगर कहीं पर अनुशासनहीनता होती है तो उस एक इनडिसिप्लिन के मामले में तीन अलग-अलग जगहों पर प्रोसिडिंग्स होंगी, तीन अलग-अलग एक्ट्स के ऊपर प्रोसिडिंग्स होंगी। जब तीन अलग-अलग जगहों पर प्रोसिडिंग्स होंगी तो हो सकता है कि उसका परिणाम भी तीन अलग-अलग तरह से निकले। ... (व्यवधान) यह कितना गलत हो सकता है। इसी कारण से यह बिल लाया गया है। इस बिल के अंदर एक खास बात यह रखी गई है कि अगर युद्ध की स्थिति हो

या ऐसी कोई इमरजेंसी हो तो उसके अंदर किसी भी फोर्स को चाहे वह आईटीबीपी हो, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स हो, उसको भी इस इंटर-सर्विसेज़ ऑर्गेनाइजेशन बिल के अंदर शामिल किया जा सकता है, ताकि कमांडर इन चीफ जो भी होगा, वह एक्शन ले सकता है। ... (व्यवधान)

मैं इस सदन के माध्यम से मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस को बधाई देता हूं। जो हमारी तीनों सशक्त सेनाएं हैं, उनको बहुत-बहुत बधाई देता हूं। एक सही समय पर, सही बिल एक्ट में तब्दील हो, इसके लिए उनको शुभकामनाएं। ... (व्यवधान)

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर) : सभापति महोदय, आपने मुझे इस बिल पर बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं और खास तौर से बहन कुमारी मायावती जी को, जिन्होंने मुझे यहां पर पहुंचने का अवसर दिया है।... (व्यवधान) मान्यवर, यह बिल अत्यंत ही जरूरी बिल था। आर्म्ड फोर्सेस, सेंट्रल कमांड को एक मजबूती देने के लिए और जो इसमें चीफ ऑफ स्टाफ्स रहेंगे, उनके लिए यह अत्यंत ही जरूरी बिल है।... (व्यवधान)

इसकी एक खासियत यह है कि पहले जो तीन एक्ट्स गवर्न करते थे, उनको एक साथ मिलाकर यह प्रस्ताव किया गया है कि अगर कोई भी पीनल एक्शन लेना हो तो वह सीधे-सीधे इसके चीफ ले सकते हैं।...(व्यवधान) इसमें एक खामी मुझे अभी भी नजर आ रही है कि जो ये तीनों एक्ट्स हैं, इनके तहत अभी अलग-अलग सजाएं दी जाएंगी। उदाहरण के लिए, यदि नेवी के किसी पर्सन को किसी क्राइम के लिए दो महीने की सजा होती है तो आर्मी के एक पर्सन को इसके लिए 15 दिन की सजा दी जा सकती है, इसलिए सजा देने के प्रावधानों को भी अमलगमेट करना अत्यंत जरूरी है। ...(व्यवधान) वह एक खामी के रूप में सामने आती है। ...(व्यवधान)

सभापति जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं।...(व्यवधान) मैं माननीय मंत्री जी को भी धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

माननीय सभापति : माननीय मंत्री जी, क्या आप कुछ कहना चाहेंगे?

श्री राज नाथ सिंह: सभापति महोदय, सबसे पहले मैं हमारे देश के समस्त बहादुर सैनिकों, जिन्होंने देश की अखण्डता और सम्प्रभुता को अक्षुण्ण रखने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया है, को नमन करता हूं। ...(व्यवधान) इंटर-सर्वसेज ऑर्गनाइजेशन बिल, 2023 के बारे में जो बातें मैंने पहले रखी हैं, उन बातों को यहां पर दोहराना नहीं चाहता हूं। ...(व्यवधान) मै इतना ही कहना चाहूंगा कि यह बिल मौजूदा सेवा अधिनियमों में किसी भी बदलाव का प्रस्ताव नहीं करता है।...(व्यवधान) यह बिल केन्द्र सरकार को अंतर-सेवा संगठनों के गठन की घोषणा करने की भी शक्त प्रदान करना प्रस्तावित करता है। ...(व्यवधान)

यहां मैं इस बात का भी जिक्र करना चाहूंगा कि स्टैंडिंग कमेटी ऑन डिफेंस (2022-2023) ने इस बिल को बिना किसी अमेंडमेंट के पारित किए जाने की रिकमेंडेशन की है। ...(व्यवधान) इसलिए मुझे प्रसन्नता है कि किसी ने किसी प्रकार के संशोधन का प्रस्ताव नहीं किया है। ...(व्यवधान) इसलिए मैं पूरे सदन से अनुरोध करना चाहता हूं कि कृपया सर्वसम्मति से इस विधेयक को पारित करने की कृपा करें।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

> "कि सेना कार्मिक, जिनको वायु सेना अधिनियम, 1950, सेना अधिनियम, 1950 और नौसेना अधिनियम, 1957 लागू होता है, जो अनुशासन बनाए रखने और अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए अपनी कमान के अधीन सेवा कर रहे हैं या उससे संलग्न हैं, के संबंध में अंतर-सेना संगठनों के चीफ कमांडर या कमांड आफिसर को सशक्त करने के लिए और उससे संलग्न या आनुषंगिक विषयों का उपबंध वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन, प्रो. सौगत राय और डॉ. आलोक कुमार सुमन जी ने इस विधेयक पर अपने-अपने संशोधन दिए हैं। अगर वे अपने संशोधनों को प्रस्तुत नहीं करना चाहते तो मैं सभी खंडों को सभा के निर्णय के लिए एक साथ सभा के समक्ष रख रहा हूं।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि खंड 2 से 15 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 से 15 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय मंत्री जी, अब आप प्रस्ताव करें कि विधेयक पारित किया जाए।

श्री राज नाथ सिंह: सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय सभापति : आइटम नम्बर 19, माननीय मंत्री जी।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्लीज, आप लोग सदन की कार्यवाही चलने दीजिए और अपने-अपने स्थानों पर वापस जाइए।

माननीय मंत्री जी।

12.29 hrs

INDIAN INSTITUTES OF MANAGEMENT (AMENDMENT) BILL, 2023

शिक्षा मंत्री तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री (श्री धर्मेन्द्र प्रधान): सभापति जी, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं :

"कि भारतीय प्रबंध संस्थान अधिनियम ,2017 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

माननीय सभापति : माननीय मंत्री जी, क्या आप विधेयक के बारे में कुछ कहना चाहते हैं?

श्री धर्मेन्द्र प्रधान: सभापति जी, भारत में वर्ष 1961 में सबसे पहले एक सरकारी आदेश से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की कल्पना की गई। वर्ष 1961 से 1995 तक पहले कोलकाता, बाद में अहमदाबाद, फिर बेंगलुरू, लखनऊ, इन्दौर और कोझीकोड में छ: आईआईएम का गठन किया गया।

बाद में, वर्ष 2007 से वर्ष 2012 में और 7 इंस्टीटयूट्स का गठन किया गया, जिसमें शिलांग, राँची, रोहतक, रायपुर, काशीपुर, तिरुचिरापल्ली और उदयपुर शामिल थे। उसके बाद वर्ष 2015-16 के वित्तीय वर्ष में प्रधान मंत्री मोदी जी की कल्पना के आधार पर अमृतसर, बोधगया, जम्मू, नागपुर, संबलपुर, सिरमौर और विशाखापत्तनम में कुल 7 नए आईआईएम्स का गठन किया गया। इस विधेयक के अन्दर मुम्बई में 60 के दशक से चली आ रही नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग नीति, जिसकी सन् 1963 से नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग में मान्यता है, जिसकी टेक्नो-मैनेजेरियल कोर्सेस चलाने में विशेषज्ञता है, ऐसे इंस्टीटयूट को बिना वित्तीय बोझ के साथ आईआईएम का दर्जा दिया जाए, इस प्रकार की अनुशंसा, इस प्रकार का प्रस्ताव इस बिल में है।

सभापति महोदय, इसमें संशोधन की इसलिए आवश्यकता पड़ी है, क्योंकि वर्ष 2017 के बाद वर्ष 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश में लागू की गई। इसके तहत सारे शिक्षण संस्थानों के

मैनेजमेंट का चरित्र, गवर्नेंस का चरित्र तथा एकेडमिक आटोनॉमी को बरकरार रखते हुए अकाउंटेबिलिटी के लिए गवर्नेंस यूनिफॉर्मिटी आएगी।

सभापति महोदय, हम अनुभव के आधार पर कुछ सुधारों को लेकर सदन में आए हैं। मैं आपके माध्यम से निवेदन करता हूँ कि इस बिल को यह सदन सर्वसम्मति से पारित करे।

माननीय सभापति : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

"कि भारतीय प्रबंध संस्थान अधिनियम ,2017 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): सभापति महोदय, मैं आपका अत्यंत आभारी हूँ कि आपने माननीय मंत्री जी के द्वारा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक दी इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट अमेंडमेंट बिल, 2023 के संशोधन विधेयक, जो उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया है, उस पर मुझे बोलने का अवसर दिया है।

मैं इस विधेयक के समर्थन में यह बोलना चाहता हूँ कि अभी जब माननीय मंत्री जी द्वारा यह विधेयक प्रस्तुत किया गया तो उन भावनाओं को देखते हुए प्रस्तुत किया गया कि यह देश के युवाओं के लिए तथा देश की ग्रोथ के लिए एक सक्सेस स्टोरी होगी। आज आईआईएम, आईआईटी भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की इकोनॉमिक ग्रोथ में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

माननीय मंत्री जी ने वर्ष 2023 के संशोधन के संबंध में विचार रखा है। मैं उनको धन्यवाद दूंगा कि जब इस सदन में वर्ष 2017 का संशोधन विधेयक लेकर आए थे, उस समय पहली बार इन आईआईएम्स को नेशनल इंपोर्टेंस का दर्जा दिया गया था और नेशनल इंपोर्टेंस का दर्जा देने के बाद कम से कम इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट में विद्यार्थी कम से कम मैनेजमेंट की पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई करते थे तथा तब तक वे इंस्टीटयूट्स केवल डिप्लोमा देते थे। पहली बार हमारी सरकार ने आईआईएम को नेशनल इंपोर्टेंस का दर्जा दिया और इन संस्थानों ने फिर डिग्री देना शुरू किया और उस डिग्री की ख्याति आज न केवल भारत में है, बल्कि पूरी दुनिया के देशों में है।

यहां तक कि अगर हम सिलिकॉन वैली में जाएं या चाहे अमेरिका हो, यूरोपियन यूनियन हो, सब जगह इसकी ख्याति है।

आज मंत्री जी वर्ष 2023 का संशोधन विधेयक लेकर आए हैं, उसी श्रृंखला में माननीय मंत्री जी आगे बढ़ें। अभी तक नेशनल इंपोर्टेंस का दर्जा था, लेकिन जिस तरह की आईआईएम की पढ़ाई है, क्वालिटी ऑफ एजुकेशन है, उसके हिसाब से आज दुनिया के ग्लोबल एक्सीलेंस में वैश्विक उत्कृष्टता को प्राप्त करने के लिए मुझे लगता है कि यह संशोधन विधेयक मील का पत्थर साबित होगा। मैं इसलिए कह रहा हूँ कि अभी दुनिया में अगर हायर एजुकेशन की बात होती है तो युनाइटेड स्टेट्स के आइवी लीग की बात होती है, उसमें रिसर्च और सारी चीजें होती हैं। लेकिन आज हम इस संशोधन के बाद कह सकते हैं और माननीय मंत्री जी ने जिस न्यू एजुकेशन पॉलिसी का उल्लेख किया है कि आज हमारी न्यू एजुकेशन पॉलिसी के पिलर्स क्या हैं?

हमारी न्यू एजुकेशन पॉलिसी के पिलर्स में से एक enhancement of capacity है। आज बहुत सारी महत्वपूर्ण बातें हैं। ये देश के युवाओं की चिंता कर रहे हैं। देश के युवाओं के एक्सीलेंस, देश के युवाओं की प्रतिभा, देश के युवाओं की कुशाग्रता एवं उनकी कैपेसिटी बिल्डिंग कैसे एन्हांस कर सकते हैं? ...(व्यवधान) इस बिल में enhancement of capacity building समाहित है।...(व्यवधान) इसी तरह से हमारी एजुकेशन पॉलिसी के पांच पिलर्स हैं। उनमें दूसरी ऐक्सेसिबिलिटी, तीसरी क्वालिटी, चौथी फेयरनेस और पांचवीं एकाउंटिबिलिटी है।...(व्यवधान) आज हम इन संस्थाओं को एकाउंटेबल बना सकें।...(व्यवधान) क्योंकि इन संस्थानों को तीन सालों में रिपोर्ट देनी होती थी।...(व्यवधान) एक बेंगलुरु को छोड़ करके किसी ने रिपोर्ट नहीं दी। ...(व्यवधान) आज इन सभी में एकरूपता आ जाए, यूनिफॉर्मिटी आ जाए, इसके लिए हम यह संशोधन लेकर आए हैं।...(व्यवधान)

जैसे महामहिम राष्ट्रपति सेंट्रल यूनिवर्सिटीज में विजिटर्स नियुक्त होते हैं, डेजिगनेट होते हैं। ...(व्यवधान) ऐसे ही वे विजिटर्स होंगे और वे एकाउंटेबल होंगे ।...(व्यवधान) सारी संस्थान की स्थितियां यह बनेगी । ...(व्यवधान) उसमें जो प्रेजिडेंट होंगे, तो चाहे बोर्ड ऑफ गवर्नर्स हों, उसके

चेयरपर्सन को नॉमिनेट करना हो या उन बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में जिस तरह से काम करने की बात हो। ...(व्यवधान) इसलिए मैं यह बात कहना चाहता हूं कि आज हमारी जो एजुकेशन है, उसमें हमने रिकॉर्ड बजट बढ़ाया है।...(व्यवधान) हायर एजुकेशन में एक लाख, 12 हजार करोड़ रुपए, आज तक कभी हायर एजुकेशन का इतना बड़ा बजट नहीं था।...(व्यवधान) मुझे लगता है कि जहां नेशनल इम्पॉर्टेंस के 75 संस्थान थे, इस बजट से आज वे संस्थान 135 हो गए हैं। मुझे लगता है कि यह बिल बहुत महत्वपूर्ण है।...(व्यवधान)

SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET): Thank you, Sir, for allowing me to speak on this Bill. *...(Interruptions)* I would welcome this Bill, and also appreciate the hon. Minister for including the National Institute of Industrial Engineering (NITIE), Mumbai under the ambit of IIM, Mumbai. *...(Interruptions)* But the problem with this Bill is with regard to what the Ministry has been saying for the last three years and what they have brought in. *...(Interruptions)*

The first thing is with regard to the National Education Policy (NEP). The National Education Policy was launched by the Ministry about three years back where it had a vision that it will give more autonomy and freedom to the institutes to launch new courses. But this Bill is actually going in the opposite direction after inclusion of Visitor's clause in Section 10 (2) and in Section 16 (c) of the Bill. *...(Interruptions)* This actually removes the autonomy of these institutes. *...(Interruptions)* These are the powers which these institutes have been using for the last 40 years, and they have produced amazing CEOs who are providing their services across the country. *...(Interruptions)*

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : सभापति महोदय, दोनों आदरणीय सदस्यों ने अच्छे सुझाव दिए हैं, मैं दोनों का आभार प्रकट करता हूं। विशेष कर आंध्र प्रदेश के हमारे माननीय सदस्य मित्र ने एक शंका जताई है।... (व्यवधान) विजिटर्स यानी यहां सभापति जी कौन होते हैं।... (व्यवधान) विजिटर्स, देश के परम आदरणीय राष्ट्रपति जी होते हैं।... (व्यवधान) जगदम्बिका जी अपने बयान में एक्सप्लेन कर रहे थे, तब उन्होंने कहा कि मोदी जी की सरकार इस देश में पहली बार, जो एक इनफॉर्मल कोर्स चलता था, डिप्लोमा सर्टिफिकेट दिया जाता था, उसको पार्लियामेंट में एकट में परिवर्तित करके 2017 में उसको National Institute of importance का दर्जा दिया। है। उसको एक प्रॉपर अंडर ग्रेजुएट डिग्री एवं मास्टर डिग्री देने और पीएचडी करने की व्यवस्था की।

मैं आंध्र प्रदेश के माननीय सदस्य को अवगत कराना चाहूंगा कि आईआईटी के विजिटर्स कौन हैं, उसका प्रमुख कौन हैं। विजिटर्स के नाम पर आदरणीय राष्ट्रपति जी हैं। आईजर के कौन प्रमुख है, एनआईटी के कौन प्रमुख हैं, सभी में भारत के राष्ट्रपति जी प्रमुख हैं। पिछले तीन-चार सालों में अनुभव हुआ है, कई प्रकार की विसंगति ध्यान में आई हैं, जो लोकल बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट बना, उन्होंने भारत के कई सारे constitutional obligation, जैसे शिक्षकों की नियुक्ति में रिजर्वेशन देना, भारत सरकार की जीएफआर के प्रति एकाउंटिबिलिटी, एकाउंटेबल रहना।

भारत की सर्विस, कंडक्ट रूल्स का पालन करना, ये सब नहीं हुए। इसके कारण आज आईआईटी की एकेडमिक ऑटोनॉमी के बारे में क्या कोई प्रश्न उठाता है?... (व्यवधान) एनआईटी की एकेडमिक ऑटोनॉमी के बारे में क्या कोई प्रश्न उठाता है? ... (व्यवधान) आने वाले दिनों में भी आईआईएम की एकेडमिक ऑटोनॉमी में हस्तक्षेप करने की सरकार की कोई मंशा नहीं है।... (व्यवधान) हम सदन में यह वचन देते हैं, लेकिन इसमें लगभग 6 हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा का निवेश हुआ है।... (व्यवधान) यह संस्था भारत सरकार की संस्था है और राज्य सरकारों की संपत्ति लगी है। यह निजी संपत्ति में परिवर्तित नहीं हो सकता है इसलिए मैनेजमेंट एकाउंटबिलिटी के लिए यह व्यवस्था लाई गई है।... (व्यवधान) एकेडमिक ऑटोनॉमी बरकरार रहेगी। मैं पुन: सभी से निवेदन करता हूं कि इस बिल को सर्वसम्मति से पारित करें।... (व्यवधान)

माननीय सभापति:प्रश्न यह है:

"कि भारतीय प्रबंध संस्थान अधिनियम, 2017 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्य श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी, प्रो. सौगत राय जी, श्री रितेश पाण्डेय जी और डॉ. आलोक कुमार सुमन जी ने इस विधेयक पर अपने-अपने संशोधन दिए हुए हैं। अगर वे अपने संशोधन प्रस्तुत नहीं करना चाहते तो मैं सभी खंडों को सभा के निर्णय के लिए प्रस्तुत करता हूं।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि खंड 2 से 12 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 से 12 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय मंत्री जी, अब प्रस्ताव करें कि विधेयक को पारित किया जाए।

… (व्यवधान)

SHRI DHARMENDRA PRADHAN: Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed."

माननीय सभापति: प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति: सभा की कार्यवाही बारह बजकर पचास मिनट तक के लिए स्थगित की जाती है।

12.43 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fifty Minutes past Twelve of the Clock.

12.50 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Fifty Minutes past Twelve of the Clock.

(Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री; संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): माननीय सभापति जी, मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूँ कि आज 03:30 pm से 6:00 pm तक जो प्राइवेट मेम्बर्स बिज़नेस लगा हुआ है, यदि सभा की सहमति हो, चूंकि यह इंट्रोडक्शन वाला पार्ट है, तो इसे पहले ले लिया जाए।

माननीय सभापति : ठीक है। यह काफी समय से पेंडिंग भी है। पिछले सत्र में भी वह कुछ कारणों से नहीं हो पाया था। मैं उन कारणों की चर्चा नहीं करूँगा।

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Thanks to the hon. Speaker and Parliamentary Affairs Minister. These Bills are pending for last one year.

माननीय सभापति : जब प्राइवेट मेम्बर्स बिज़नेस होता है, तो उसमें किसी प्रकार के हंगामे की संभावना नहीं है।

12.51 hrs

PRIVATE MEMBERS' BILL – Introduced

माननीय सभापति : आइटम नम्बर 202, डॉ. शशि थरूर जी।

12.51½ hrs

(i) High Court of Kerala (Establishment of a Permanent Bench at Thiruvananthapuram) Bill, 2023*

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the establishment of a Permanent Bench of the High Court of Kerala at Thiruvananthapuram.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि तिरुवनन्तपुरम में केरल उच्च न्यायालय की एक स्थायी न्यायपीठ की स्थापना का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

DR. SHASHI THAROOR: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नम्बर 223, डॉ. शशि थरूर जी।

12.52 hrs

(ii) Healthcare Personnel and Healthcare Institutions (Prohibition of Violence and Damage to Property) Bill, 2023*

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to prohibit violence against healthcare personnel and damage or loss to property of healthcare Institutions and for matters connected therewith and incidental thereto.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि स्वास्थ्य देखरेख कार्मिकों के विरुद्ध हिंसा पर प्रतिषेध और स्वास्थ्य देखरेख संस्थानों की संपत्ति की क्षति या हानि पर रोक लगाने तथा उससे संसक्त या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

… (व्यवधान)

DR. SHASHI THAROOR: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नम्बर 93, श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी।

12.52½ hrs

(iii) Journalist (Prevention of Violence and Damage or Loss to the Property) Bill, 2022*

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for prevention of violence against journalist and protection of journalist, their institutions, properties and for maters connected therewith or incidental thereto.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि पत्रकारों के विरुद्ध हिंसा की रोकथाम तथा पत्रकारों, उनकी संस्थाओं, संपत्तियों की सुरक्षा तथा उससे संसक्त अथवा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नम्बर 95, श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी।

12.53 hrs

(iv) Advocates (Protection) Bill, 2022*

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for prevention of violence against Advocates and protection of Advocates, their institutions, properties and for matters connected therewith or incidental thereto.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

> "कि अधिवक्ताओं के विरूद्ध हिंसा का निवारण करने और अधिवक्ताओं, उनकी संस्थाओं, संपत्तियों की सुरक्षा करने तथा उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नम्बर 96, श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी।

12.53½ hrs

(v) Constitution (Amendment) Bill, 2022*
(Amendment of Article 201)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

> "कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नम्बर, 90, श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले।

12.54 hrs

(vi) Census (Amendment) Bill, 2022*
(Substitution of new section for section 3)

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Census Act, 1948.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि जनगणना अधिनियम, 1948 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नम्बर, 91, श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले।

12.54½ hrs

(vii)Prohibition of employment as Manual Scavengers and their Rehabilitation (Amendment) Bill, 2022*

(Amendment of section 2, etc.)

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to amend the Prohibition of Employment as Manual Scavengers and their Rehabilitation Act, 2013.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नम्बर, 92, श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले।

12.55 hrs

(viii) Representation of the People (Amendment) Bill, 2022*
(Amendment of section 23)

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Representation of the People Act, 1950.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नम्बर, 119, श्री हैबी ईडन।

12.55½hrs

(ix) Right of Women to Menstrual Leave and Free Access to Menstrual Health Products Bill, 2022*

SHRI HIBI EDEN (ERNAKULAM): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide the right to paid leave during the period of menstruation for working women, menstrual leave for female students and free access to menstrual health products including menstrual cups, tampons and sanitary pads irrespective of status or region and for matters connected therewith or incidental thereto.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

> "कि स्थिति अथवा क्षेत्र के अनपेक्ष काम-काजी महिलाओं के लिए ऋतुस्त्राव की अवधि के दौरान सवैतनिक अवकाश का अधिकार, महिला विद्यार्थियों हेतु ऋतुस्त्राव अवकाश तथा ऋतुस्त्राव कप, टैम्पोन और सैनिटरी पैड सहित ऋतुस्त्राव स्वास्थ्य उत्पादों तक निशुल्क पहुंच प्रदान करने तथा उससे संसक्त अथवा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI HIBI EDEN: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नम्बर, 216, श्री हैबी ईडन।

12.56 hrs

(x) Pokkali Farming (Protection, Enrichment and Welfare) Bill, 2023*

SHRI HIBI EDEN (ERNAKULAM): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the protection, enrichment and welfare of Pokkali farmers and for matters connected therewith or incidental thereto.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

> "कि पोक्कली किसानों की सुरक्षा, संवर्धन और कल्याण तथा उससे जुड़े या और उससे संसक्त या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI HIBI EDEN: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नम्बर, 217, श्री हैबी ईडन।

12.56½ hrs

(xi) Healthcare Professionals (Protection from Violence and Harassment) Bill, 2023*

SHRI HIBI EDEN (ERNAKULAM): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the protection of healthcare professionals from violence, harassment and acts of aggression in the course of their duty and for matters connected therewith or incidental thereto.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

> "कि स्वास्थ्य परिचर्या वृत्तिकों को उनके कर्त्तव्य पालन के दौरान हिंसा, उत्पीड़न और उग्रता के कृत्यों से सुरक्षा प्रदान करने तथा उससे संसक्त या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए। "

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI HIBI EDEN: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नम्बर, 99, श्री गौरव गोगोई।

12.57 hrs

(xii) Companies (Amendment) Bill, 2022*
(Amendment of section 2, etc.)

SHRI GAURAV GOGOI (KALIABOR): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Companies Act, 2013.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि कंपनी अधिनियम, 2013 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI GAURAV GOGOI: Sir, I introduce** the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

** Introduced with the recommendation of the President.

माननीय सभापति : आइटम नम्बर, 100, श्री गौरव गोगोई।

12.57½ hrs

(xiii)Commission for Air Quality Management in National Capital Region and Adjoining Areas (Amendment) Bill, 2022*

(Amendment of section 2, etc.)

SHRI GAURAV GOGOI (KALIABOR): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to amend the Commission for Air Quality Management in National Capital Region and Adjoining Area Act, 2021.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंध आयोग अधिनियम, 2021 का संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI GAURAV GOGOI: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नम्बर, 101, श्री गौरव गोगोई।

12.58 hrs

(xiv) Energy Conservation (Amendment) Bill, 2022*
(Amendment of section 2, etc.)

SHRI GAURAV GOGOI (KALIABOR): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Energy Conservation Act, 2001.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI GAURAV GOGOI: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नम्बर, 184, श्री कार्ती पी. चिदम्बरम।

12.58½ hrs

(xv) Representation of the People (Amendment) Bill, 2023*
(Amendment of section 20A)

SHRI KARTI P. CHIDAMBARAM (SIVAGANGA): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Representation of the People Act, 1950.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI KARTI P. CHIDAMBARAM: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नम्बर, 113, श्री राजू बिष्ट।

12.59 hrs

(xvi)Central Universities (Amendment) Bill, 2022*
(Insertion of new section 3G, etc.)

SHRI RAJU BISTA (DARJEELING): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Central University Act, 2009.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI RAJU BISTA: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नंबर 82, एडवोकेट ए.एम. आरिफ जी।

13.00 hrs

(xvii) Agricultural Produce Price Fixation Board Bill, 2022*

ADV. A.M. ARIFF (ALAPPUZHA): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the establishment of an Agricultural Produce Price Fixation Board to fix the remunerative support price of agricultural produce including fruits and vegetables on annual and seasonal basis and for timely intervention by the Government at the time of steep fall in prices of such produce in the open market and for matters connected therewith or incidental thereto.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि फलों और सब्जियों सहित कृषि उपज का वार्षिक और मौसमी आधार पर लाभकारी समर्थन मूल्य नियत करने हेतु एक कृषि उपज मूल्य नियतन बोर्ड की स्थापना करने और खुले बाजार में इन उपजों के मूल्यों में भारी कमी होने पर सरकार द्वारा समय पर मध्यक्षेप करने तथा उससे संसक्त या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

ADV. A.M. ARIFF: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नंबर 44, श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू जी।

13.01 hrs

(xviii)Terminated Employees (Temporary Benefits) Bill, 2022*

SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide temporary benefits to the terminated employees including payment of unemployment allowance, medical expenses for a certain period after termination of service and for matters connected therewith or incidental thereto.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों को सेवा समाप्ति के पश्चात एक निश्चित अवधि के लिए बेरोजगारी भत्ता, चिकित्सा व्यय के भुगतान सहित अस्थायी लाभ प्रदान करने तथा उससे संसक्त अथवा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU: Sir, I introduce** the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

** Introduced with the recommendation of the President.

माननीय सभापति : आइटम नंबर 80, श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू जी।

13.01½ hrs

(xix) Chilli (Promotion and Development) Bill, 2022*

SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the promotion and development of chilli industry, consultation of a Chilli Board and for matters connected therewith or incidental thereto.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि मिर्च उद्योग के संवर्धन एवं विकास, मिर्च बोर्ड के गठन तथा उससे संसक्त अथवा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नंबर 97, श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू जी।

13.02 hrs

(xx)Sexual Harassment at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Bill, 2022*

SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide protection against sexual harassment at workplace to people of all genders including women, men and other genders and for the prevention and redressal of complaints of sexual harassment and for matters connected therewith or incidental thereto.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि सभी लैंगिक वर्गों, जिनमें व्यक्ति, पुरुष और अन्य लिंग शामिल हैं, के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण और लैंगिक उत्पीड़न के परिवादों के निवारण और प्रतितोषण तथा उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नंबर 148, श्री पी. पी. चौधरी जी।

13.02½ hrs

(xxi)Constitution (Amendment) Bill, 2022*
(Amendment of Article 58)

SHRI P. P. CHAUDHARY (PALI): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI P. P. CHAUDHARY: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नंबर 149, श्री पी. पी. चौधरी जी।

13.03 hrs

(xxii) Constitution (Amendment) Bill, 2022*
(Amendment of the Seventh Schedule)

SHRI P. P. CHAUDHARY (PALI): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI P. P. CHAUDHARY: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नंबर – 150, श्री पी. पी. चौधरी जी।

13.03½ hrs

(xxiii)Constitution (Amendment) Bill, 2022*
(Amendment of the Seventh Schedule)

SHRI P. P. CHAUDHARY (PALI): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI P. P. CHAUDHARY: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नं. 52 - श्री जगदम्बिका पाल जी।

13.03¾ hrs

(xxiv)Constitution (Amendment) Bill, 2021*
(Amendment of Seventh Schedule)

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री जगदम्बिका पाल : महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नं. 65 - श्री जगदम्बिका पाल जी।

13.04 hrs

(xxv) Motor Vehicles (Amendment) Bill, 2022*
(Amendment of section 2, etc.)

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि मोटर यान अधिनियम, 1988 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि मोटर यान अधिनियम, 1988 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री जगदम्बिका पाल : महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नं. 126 - श्री जगदम्बिका पाल जी।

13.04½ hrs

(xxvi)Right to Information (Amendment) Bill, 2023*
(Amendment of section 2, etc.)

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

> "कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री जगदम्बिका पाल : महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नं. 168, श्री निशिकांत दुबे जी।

13.05 hrs

(xxvii) Criminal Law (Amendment) Bill, 2023*
(Insertion of new section 52B, etc.)

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारतीय दंड संहिता, 1860 और दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

> "कि भारतीय दंड संहिता, 1860 और दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

डॉ. निशिकांत दुबे: महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नं. 169, श्री निशिकांत दुबे जी।

13.05½ hrs

(xxviii)Epidemic Diseases (Amendment) Bill, 2023*
(Amendment of section 1A, etc.)

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि महामारी अधिनियम, 1897 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि महामारी अधिनियम, 1897 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

डॉ. निशिकांत दुबे: महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

माननीय सभापति : आइटम नं. 175, श्री निशिकांत दुबे जी।

13.05¾ hrs

(xxix)Central Educational Institutions (Reservation in Admission) Amendment Bill, 2023*

(Amendment of sections 2 and 3)

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं केन्द्रीय शिक्षा संस्थान (प्रवेश में आरक्षण) अधिनियम, 2006 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि केन्द्रीय शिक्षा संस्थान (प्रवेश में आरक्षण) अधिनियम, 2006 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

डॉ. निशिकांत दुबे: महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

HON. CHAIRPERSON: Item No. 128, Dr. Shrikant Eknath Shinde.

13.06 hrs

(xxx) Code of Civil Procedure (Amendment) Bill, 2022*
(Amendment of section 23, etc.)

DR. SHRIKANT EKNATH SHINDE (KALYAN): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Code of Civil Procedure, 1908.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

DR. SHRIKANT EKNATH SHINDE: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

HON. CHAIRPERSON: Item No. 129, Dr. Shrikant Eknath Shinde.

13.06½ hrs

(xxxi) Mental Healthcare (Amendment) Bill, 2022*
(Amendment of section 17, etc.)

DR. SHRIKANT EKNATH SHINDE (KALYAN): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to amend the Mental Healthcare Act, 2017.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि मानसिक स्वास्थ्य देख-रेख अधिनियम, 2017 का संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

DR. SHRIKANT EKNATH SHINDE: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

HON. CHAIRPERSON: Item No. 121, Shri Kodikunnil Suresh.

13.06¾ hrs

(xxxii) Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest (Amendment) Bill, 2022*
(Amendment of section 31)

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security of Interest Act, 2022.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI KODIKUNNIL SURESH: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

HON. CHAIRPERSON: Item No. 68, Shri Margani Bharat.

13.07 hrs

(xxxiii) Andhra Pradesh Reorganisation (Amendment) Bill, 2023*
(Insertion of new Part XA)

SHRI MARGANI BHARAT (RAJAHMUNDRY): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Andhra Pradesh Reorganisation Act, 2014.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI MARGANI BHARAT: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

HON. CHAIRPERSON: Item No 172, Adv. Dean Kuriakose.

13.07½ hrs

(xxxiv) Information Technology (Amendment) Bill, 2023*
(Amendment of section 2, etc.)

ADV. DEAN KURIAKOSE (IDUKKI): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Information Technology Act, 2000.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

ADV. DEAN KURIAKOSE: Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 04.08.2023.

HON. CHAIRPERSON: Item No 173, Adv. Dean Kuriakose.

13.08 hrs

